विशिष्ट भोजन नहीं देती। तथा इंडियन एयरलाइन्स को व्यंजन-सूची में उनके लिए उचित मिश्रण की व्यवस्था रहती है वायुदूत कम दूरी का प्रचालन करने वाली वाहक कम्पनी है, अतः उड़ान के दौरान भोजन नहीं देती।

हस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में अध्ययन और अनुसंधान में हिन्दी क प्रयोग

2940. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "क" क्षेत्र में कितने संस्थान और हस्पताल ऐसे हैं जहां शत-प्रतिशत कार्य राजभाषा हिन्दी में किया जा रहा है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) इन संस्थानों में ऐसे कितने व्यक्ति हैं जो हिन्दी में प्रवीण हैं और वे अपना कितना प्रतिशत कार्य हिन्दी में करते हैं ; और

(ग) इन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में किए जाने को सुनिश्चित करने के लिए क्या योजना/कार्यक्रम हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे): (क) से (ग) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के "क" क्षेत्र में स्थित संस्थानों और अस्पतालों में सरकारी कार्य हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में किया जा रहा है। इस मंत्रालय के "क" क्षेत्र में स्थित कुल 49 अधीनस्थ कार्यालयों/संस्थानों आदि में से 37 कार्यालयों के 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है। हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं--(i) हिन्दी टिप्पण आलेखन कार्यशालाएं आयोजित करना, (ii) हिन्दी सप्ताह का आयोजन करना, (iii) राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए देश के विभिन्न भागों में स्थित कार्यालयों का निरीक्षण, (iv) नगद पुरस्कार आदि के माध्यम से कर्मचारियों को प्रेरित और उत्साहित करना, (v) किसी भी स्तर पर आ रही अड़चनों को पारस्परिक सम्पर्क के माध्यम से दूर करना।

अधिसूचित कार्यालयों में 1-4-88 से नियम 8(4) के कार्यान्वयन के बारे में राजभाषा विभाग के हाल ही के आदेश भी सभी संगठनों को जारी कर दिए गए हैं।

हस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में अध्ययन और अनुसंधान में हिन्दी का प्रयोग

2941. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के अधीन इस विभाग में अंतर्गत विभिन्न स्तर के कितने शिक्षा संस्थान ऐसे हैं जहां अध्ययन किया जाता है, अनुसंधान कार्य किया जाता है और साख्यिकीय संबंधी अध्ययन किया जाता है, आंकड़े आदि तैयार किये जाते हैं, इन संस्थानों में से ऐसे कितने हैं जो "क" क्षेत्र में हैं और जहा शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी मे किया जाता है और व हिन्दी के प्रयोग के संबंध में देश का मार्ग दर्शन कर रहे है, और

(ख) क्या यह सच है कि इस सम्पूर्ण क्षेत्र में हिन्दी की घोर उपेक्षा की जा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) इस मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के प्रत्येक स्तर के लिए केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व वाली संस्थाओं की संख्या जहां अनुसंधान कार्य किए जाते हैं और सांख्यिकी अध्ययनों से संबंधित कार्य, सांख्यिकी सूचना आदि तैयार की जाती है, 62 हैं। "क" क्षेत्र में ऐसी संस्थाओं की संख्या 32 है।